<u>संदेश</u>

गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर, मैं उनको अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

गुरू तेग बहादुर जी ने मानवता के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। गुरू तेग बहादुर जी एक आध्यात्मिक गुरू और सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और एकता को बढ़ावा दिया। उन्होंने लोगो को सच्चाई और न्याय के लिए लड़ने की प्रेरणा भी दी।

आइए, हम गुरू तेग बहादुर जी के उपदेशों से प्रेरणा लें और उनके द्वारा स्थापित महान आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लें।

****